प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेषिक समाचार बुलेटिन

19.05 शुक्रवार दिनांक 19.07.2024

मुख्य समाचारः–

- राज्य मंत्रिमंडल ने नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आवंटन अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमिस्वामी को हक प्रदान करने के संबंध में पूर्व में जारी निर्देशों और परिपत्रों को निरस्त कर दिया है।
- माइक्रोसॉफ्ट सॉफ़्टवेयर में बड़े स्तर पर गड़बड़ी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए–रायपुर से उड़ान भरने वाली पांच उड़ानों को रद्द किया गया।
- राज्य शासन ने बस्तर कमिश्नर और बलरामपुर–रामानुजगंज एसपी सहित
- तीन आईएएस और दो आईपीएस अधिकारियों के प्रभार बदले।
- बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी में ब्लास्ट होने से डीआरजी के दो जवान घायल।

कैबिनेट–निर्णय

राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन करने का निर्णय लिया है। आज रायपुर में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित संशोधन विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस अधिनियम में संशोधन होने से प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी और प्रसंस्करणकर्ता भारत सरकार के ई–नाम पोर्टल के माध्मय से कृषि उपज की खरीदी–बिक्री बिना पंजीयन के कर सकेंगे। इसके साथ ही मंडी बोर्ड अपनी वार्षिक आमदनी की दस प्रतिशत राशि राज्य कृषक कल्याण निधि में जमा करेगा।

मंत्रिमंडल ने राज्य के नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आवंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमिस्वामी को हक प्रदान करने के संबंध में पूर्व में जारी निर्देशों और परिपत्रों को निरस्त कर दिया है।

आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र में रखे जाने वाले पहले अनुपूरक बजट और छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। साथ ही मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर संशोधन विधेयक के प्रारूप का भी अनुमोदन किया।

माइकोसॉफ्ट सर्वर–गड़बड़ी

माइक्रोसॉफ्ट सॉफ़्टवेयर में बड़े स्तर पर गड़बड़ी के कारण दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसने विश्वभर में कई व्यवसायों, बैंकिंग सेवाओं और अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइनों के आईटी नेटवर्क को प्रभावित किया है। भारत में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट एयरलाइंस के चेक–इन सिस्टम देशभर में बंद हैं।

इधर, छत्तीसगढ़ के रायपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली पांच फ्लाइट को माइक्रोसॉफ्ट सर्वर के ठप्प पड़ने के कारण रद्द कर दिया गया, जिससे एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ देखी गई।

इस बीच, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उनका मंत्रालय इस संबंध में माइक्रोसॉफ्ट और उसके सहयोगियों के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि इस रुकावट के कारण की पहचान कर ली गई है और समस्या के समाधान के लिए अपडेट जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का नेटवर्क प्रभावित नहीं हुआ है।

<u>जवान–घायल</u>

बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी में ब्लास्ट होने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के दो जवान घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर एसटीएफ, डीआरजी, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम को विशेष अभियान पर रवाना किया गया था। वापसी के दौरान गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम मुतवेंडी और पीड़िया के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाये आईईडी में ब्लास्ट होने से डीआरजी के दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को बीजापुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जवानों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा जाएगा।

इधर, कोंडागांव और कांकेर पुलिस ने माओवादियों द्वारा डंप की गई सामग्री बरामद की है। इसमें वायरलेस सेट, वर्दी, वायर, दवाई और दैनिक उपयोग में आने वाले अन्य सामान शामिल हैं।

<u>जवान–श्रद्धांजलि</u>

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रायपुर के माना स्थित चौथी बटालियन में बीजापुर जिले में माओवादी हमले में मारे गए जवान भरत लाल साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर

श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर मोवा स्थित निवास के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जवान के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

गौरतलब है कि बीजापुर जिले में कल माओवादियों द्वारा किए गए हमले में स्पेशल टास्क फोर्स—एसटीएफ के दो जवानों की मौत हो गई थी। इस घटना में चार जवान घायल हुए हैं। एसटीएफ के आरक्षक भरत लाल साहू रायपुर जिले के रहने वाले थे।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने भरत लाल साहू की स्मृति में मोवा बाजार चौक रायपुर का नामकरण शहीद भरत लाल साहू चौक करने का निर्णय लिया है।

पुलिस अधीक्षक—तबादला

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन और भारतीय पुलिस सेवा के दो अधिकारियों का तबादला कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार राजेश अग्रवाल को बलरामपुर—रामानुजगंज जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, बलरामपुर—रामानुजगंज के पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह को मुख्यमंत्री सुरक्षा का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री सुरक्षा के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर को चौथी बटालियन माना रायपुर में पदस्थ किया गया है।

वहीं, बस्तर के आयुक्त श्याम लाल धावड़े को छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कारर्पोरेशन और छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारर्पोरेशन लिमिटेड का प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है। बिलासपुर के अपर आयुक्त डोमन सिंह को बस्तर का आयुक्त बनाया गया है। इधर, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कारर्पोरेशन के प्रबंध संचालक विनीत नंदनवार को मंत्रालय में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अभिषेक अग्रवाल को छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक के पद से हटाकर मंत्रालय में उप सचिव के पद पर पदस्थ कर दिया गया है।

मिर्ज़ा मसूद—निधन

मशहूर रंगकर्मी और आकाशवाणी के वरिष्ठ उदघोषक मिर्ज़ा मसूद का आज मध्यप्रदेश के इंदौर में निधन हो गया है। वे अस्सी वर्ष के थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मिर्ज़ा मसूद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मिर्ज़ा मसूद ने अपना पूरा जीवन रंगमंच को समर्पित कर दिया। उनका निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "मिर्ज़ा मसूद की आवाज़ और अंदाज उन्हें अद्वितीय बनाते थे। उन्होंने कई अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हिंदी ब्रॉडकास्ट कमेंटेटर के रूप में भी अपनी विशेष पहचान बनाई। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दो

हजार उन्नीस में उन्हें चक्रधर सम्मान से नवाज़ा गया था।" मिर्ज़ा मसूद द्वारा कला और संस्कृति के क्षेत्र में दिए गए योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिर्ज़ा मसूद के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

खूबचंद बघेल–जयंती

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित डॉक्टर खूबचंद बघेल की एक सौ चौबीसवीं जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने डॉक्टर खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा थे। एक अच्छे डॉक्टर और साहित्यकार के रूप में उनकी अलग पहचान थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पुरखों ने जिस छत्तीसगढ़ का सपना देखा, उसे आकार देने के लिए हम सभी कार्य कर रहे हैं।

एसीबी–गिरफ्तार

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज दंतेवाड़ा और रायपुर में अलग–अलग कार्रवाई में दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

एसीबी की टीम ने आज दंतेवाड़ा के विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वेणु गोपाल राव को पन्द्रह हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोप है कि विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी ने वाहन बिल के भुगतान के एवज में एक व्यक्ति से पन्द्रह हजार रूपये की रिश्वत की मांगी थी।

वहीं, एक अन्य मामले में एसीबी ने रायपुर स्वास्थ्य संचालनालय में पदस्थ सहायक अधीक्षक सूरज कुमार नाग को बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अध्ययन अवकाश स्वीकृति के लिए गरियाबंद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एक स्टाफ नर्स से रिश्वत मांगी थी।

कलेक्टर–दौरा

राज्य के कुछ इलाकों में डायरिया, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों का प्रभाव बढ़ने के मामलों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि स्वास्थ्य केन्द्रों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस बीच, बिलासपुर जिले के कलेक्टर अवनीश शरण ने मलेरिया प्रभावित कुरदर, छुईहा, टेंगनमाड़ा सहित कई गांवो का दौरा किया। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को रोज शाम को जनचौपाल लगाकर लोगों में

जागरूकता फैलाने को कहा है। उन्होंने एक बाईक एम्बुलेंस को कुरदर में चौबीस घण्टे तैनात रखने के निर्देश दिए।

वहीं, जांजगीर–चांपा कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में डायरिया से बचाव के लिए सभी जिला और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने डायरिया रोकने के लिए अधिकारियों को जनजागरूकता के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल–बाल अधिकार संरक्षण आयोग

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने बच्चों में नशे की प्रवृत्ति के प्रभावी रोकथाम के लिए राज्य के सभी जिलों में नशा मुक्ति केन्द्र खोले जाने के लिए राज्यपाल से अनुरोध किया।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार केन्द्रीय नीति आयोग के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान पर योजना, आर्थिक और सांख्यकीय विभाग के सचिव अंकित आनंद से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल बीस जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुकमा और बीजापुर जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में चरम भारी वर्षा होने की आंशका जारी की गई है।

वहीं, गरियाबंद, धमतरी, बालोद, बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर और नारायणपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में कुछ स्थानों पर अति भारी वर्षा हो सकती है।

इसके अलावा मौसम विभाग ने कोंडागांव, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और मोहला–मानपुर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना भी व्यक्त की है।

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

जनसम्पर्क संचालनालय रायपुर द्वारा न्यूज पोर्टल्स और न्यूज वेबसाईट के इम्पेनलमेंट के लिए आवेदकों को फर्जी मैसेज भेजने वाले के खिलाफ राखी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

धमतरी जिले के छुरियारा पारा में प्राथमिक शाला की बाउंड्रीवाल और गेट के गिरने से एक छात्रा की मौत हो गई। घायल छात्रा को तुरंत बाइक से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

भिलाई न्यू प्रेस क्लब की उपाध्यक्ष कोमल धनेसर की बेटी गुरनाम कौर का आज निधन हो गया। सुश्री कौर एक सड़क दुर्घटना में नौ जुलाई को गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुश्री गुरनाम कौर के निधन पर दुःख प्रकट किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>